तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **भरत देव मेघवाल** **बनाम** **लोक सूचना अधिकारी (अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर प्रथम)** सू.अ.अपील संख्या 58 / 2024	न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
24—09—24	अपीलार्थी भरत देव मेघवाल निवासी 1—सी—238 लक्ष्मी विला कुडी भगतासनी हाउसिंग बोर्ड जोधपुर ग्रामीण ने सूचना का अधिकार के तहत उसके द्वारा प्रस्तुत आवेदन 04 / 06 / 24 में में वर्णित बिन्दुओं से संबधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर प्रथम) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो. पक्ष (अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर प्रथम) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। रेस्पो. पक्ष (अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर प्रथम) से आदिनांक तक तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई। अतः अपील स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी (अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर प्रथम) को निर्देशित किया जाता है कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना 15 दिवस के भीतर उपलब्ध करावे, अन्यथा नहीं दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत कराया जावे। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (गौरव अग्रवाल) जिला कलक्टर जोधपुर	